## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 30.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- आज राज्य में अंग्रेजों के खिलाफ हूल क्रांति के सेनानियों को किया गया याद, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हूल दिवस पर वीर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।
- सरायकेला–खरसावां में सुरक्षा बलों ने गोबरगोटा पहाड़ी में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री किया बरामद, बम निरोधक दस्ते की मदद से विस्फोटकों को किया गया निष्क्रिय ।
- मुहर्रम और रथ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर, शांति समिति की बैठक में रांची सहित अन्य जिलों में सौहार्दपूर्ण आयोजन पर दिया गया जोर।
- मौसम विभाग ने राज्य के दक्षिणी जिलों में 3 जुलाई तक जारी किया भारी बारिश को लेकर जारी किया रेड अलर्ट, भारी बारिश और वज्रपात की जताई संभावना।
- झारखंड बालक सुपर स्पीड खो–खो टीम ने फेडरेशन कप में कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास।

***********************

आज हूल दिवस के अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने संथाल विद्रोह के महान सेनानियों सिद्धो–कान्हू, चांद–भैरव, फूलो–झानो समेत सभी वीर–वीरांगनाओं को नमन किया। और कहा कि उनका संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को अन्याय के खिलाफ लड़ने और मातृभूमि की सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से वीर शहीदों के संघर्ष और शहादत को नमन किया। उन्होंने कहा कि अत्याचार के खिलाफ और जल–जंगल–जमीन की रक्षा के लिए आदिवासी अस्मिता की मशाल जलानेवाले पूरखों को आनेवाली पीढ़ी हमेशा याद रखेगी।

***********************

इधर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी हूल दिवस पर संथाल विद्रोह के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को स्वतंत्रता संग्राम की पहली क्रांति बताया। उन्होंने कहा कि सिद्धो–कान्हू, चांद–भैरव और फूलो–झानो जैसे जननायकों का संघर्ष जल–जंगल–जमीन और अस्तित्व की रक्षा की ऐतिहासिक चेतना का प्रतीक है।

***********************

बोकारो जिले में भी आज हूल दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक ने आईटीआई मोड़ स्थित सिद्धू–कान्हू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि सिद्धू–कान्हू ने अंग्रेजों के खिलाफ महत्वपूर्ण संघर्ष किया था, जिन्हें हमें सदैव याद रखना चाहिए।

***********************

इधर उपराजधानी दुमका के पोखरा चौक में 170वां हूल दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया, जहां सिद्धो, कान्हू, चांद, भैरव, फूलो–झानो सहित हजारों शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विभिन्न राजनीतिक दलों, जिला प्रशासन सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों और शैक्षणिक संस्थानो से जुड़े लोगों ने सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और 1855 के हूल के मूल्यों को याद किया ।

************************

पाकुड़ जिले में भी हूल दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिला मुख्यालय समेत प्रखंडों और ग्रामीण क्षेत्रों में हूल क्रांति के सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपायुक्त मनीष कुमार ने जिला मुख्यालय स्थित सिद्धो–कान्हू मुर्मू पार्क में प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर वीर शहीदों को नमन किया।

************************

सरायकेला–खरसावां जिले में एक बार फिर सक्रिय नक्सलियों पर सुरक्षा बलों द्वारा कार्रवाई की गई। खरसावां थाना क्षेत्र के गोबरगोटा पहाड़ी में नक्सलियों द्वारा विस्फोटक सामग्री छिपाए जाने की सूचना पर सुरक्षा बलों ने सघन जांच अभियान चलाया और भारी मात्रा में केन बम, डेटोनेटर, कोरडैक्स वायर और अन्य विस्फोटक बरामद किया। बरामद सामग्री को बम निरोधक दस्ते की सहायता से मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया।

************************

कैलाश मानसरोवर यात्रा पांच वर्षों के अंतराल के बाद आज से शुरू हो रही है। कोरोना महामारी के कारण वर्ष 2020 में इस यात्रा को स्थगित कर दिया गया था। इस वर्ष यह यात्रा सिक्किम में नाथुला पास और उत्तराखंड में लिपुलेख पास के मार्ग से आयोजित की जायेगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह यात्रा जून, जुलाई और अगस्त महीने में जारी रहेगी। सिक्किम सरकार तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनुकूलन केंद्रों सहित बुनियादी ढांचों का विस्तार कर रही है।

************************

आगामी छह जुलाई को मुहर्रम और घुरती रथ यात्रा का आयोजन एक ही दिन होने के कारण राज्य में सुरक्षा को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। राजधानी रांची समेत सभी जिलों के एसपी को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। कल रांची के विभिन्न थानों में आयोतिज शांति समिति की बैठक में जुलूस मार्ग और समय तय किया गया। इस दौरान अफवाहों से दूर रहने और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई।

************************

इधर हजारीबाग में भी मुहर्रम पर्व को लेकर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन की अध्यक्षता में समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधा सहित अन्य तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई और संबंधित विभागों को समय रहते तैयारियों को पूरा करने का निर्देश दिए गए।

**********************

सरायकेला खरसावां जिले में  धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जनजातीय, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग के लोगों को सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

**********************

देश के बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह व्यापार के दौरान लगभग 0.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। रियल्टी, मेटल और प्राइवेट बैंकिंग सेक्टर की कमजोरी से बाजार पर दबाव बना। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 286 अंक टूटकर 83,773 पर पहुंच गया, जबकि एनएसई का निफ्टी 77 अंकों की गिरावट के साथ 25,561 पर ट्रेड कर रहा था।

**********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 89 हजार एक सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तीस हजार रुपये प्रति किलो है।

**********************

मौसम विभाग ने राज्य के दक्षिणी जिले खूंटी, सरायकेला खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और गुमला में 3 जुलाई तक भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के समीप बन रहे निम्न दबाव के कारण राज्य के दक्षिणी जिलों में इसका असर ज्यादा रहेगा।

**********************

झारखंड बालक सुपर स्पीड खो–खो टीम ने द्वितीय फेडरेशन कप प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। नई दिल्ली के पालम में आयोजित इस प्रतियोगिता में झारखंड ने तीसरे स्थान के लिए रोमांचक मुकाबले में दिल्ली को 17–15 अंकों से हराया। झारखंड राज्य सुपर स्पीड खो–खो एसोसिएशन सहित खेल जगत के कई पदाधिकारियों ने टीम को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

*********समाप्त**************